Booklet Series

# A

No. of Printed Pages : 16

Serial Number of the Test Booklet

631039

A

## PAPER CODE

# PAPER/II-06/UGHT

Roll No. : ____________________

Name of the Candidate : ____________________

*Test Duration : 03 Hours* *Total Questions : 100* *Total Maximum Marks : 200*

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. Candidates will be admitted to the Examination Hall/Room on production of their Admit Card and Original ID such as **EPIC/Aadhaar/Driving License** with a view to establish the true identity of the candidate.
2. Candidates shall reach the venue of examination at least 30 minutes in advance and admission will be refused to a candidate who is late by 10 minutes from the start of the examination.
3. No candidate shall be permitted to leave the Examination Hall/Room until the time for the examination is over or until permitted to do so but not until the half of the allotted time.
4. Candidates must use a **BLUE/BLACK** ball point pen ONLY to make entries on the OMR Answer Sheet.
5. The candidates should not bring any articles (other than those specified above) such as books, notes, loose sheets, mobile phones, pagers, digital diaries, calculators, smart watches, etc. inside the Examination Hall/Room. Any candidate found in possession of the said articles will be liable to be de-barred from applying all future examinations to be conducted by the Board.
6. After receiving the Test Booklet with OMR inserted, the candidates may pull out the OMR Answer Sheet and fill in the necessary details. However the candidates are not allowed to break open the seal of the Test Booklet until the invigilator informs them to do so.
7. Mark carefully your Roll Number, Question Booklet Code and Booklet Series on the OMR Answer Sheet and append signature at the appropriate place. Write your Roll Number and **Name in the Question Booklet**. In the absence of the Roll Number and Question Booklet Series on the OMR Answer Sheet, it may NOT be evaluated.
8. The entire Test is of Objective Type Questions comprising 100 questions.
9. Candidates must check that the Question Booklet contains 100 multiple choice questions. If any discrepancy found, report to the invigilator immediately.
10. Every question carries a total of 2 marks each. Candidates will also keep in mind that there is negative marking of $1/3^{rd}$ for every wrong answer.
11. Rough work may be done on the space provided in this Question Booklet, but not on the OMR Answer Sheet.
12. In the event of a mistake made in marking the Roll Number in the OMR Answer Sheet or the OMR Series the candidates will not be given a new OMR Answer Sheet but he/she will be allowed to use whitener or correcting fluid for correction of the Roll Number and the Booklet Series only.
13. **Change of answer will not be permitted in the OMR Answer Sheet. Using of correcting fluid (of any sort) will be treated as wrong attracting negative marking.**
14. The candidates must abide by such instructions as may be specified on the cover of the Answer Paper or instructions to candidates given at the back of the Admit Card. If a candidate fails to do so or indulges in improper conduct, he/she will render himself/herself liable to expulsion from the examination or such other punishment as the Board deemed fit to impose.
15. At the end of the Test, candidates must submit the OMR Answer Sheet to the invigilator on duty. Candidates shall be allowed to take their Question Booklet only after the end of the examination session.
16. Any candidate found to be intoxicated with alcohol and/or psychotropic substances will be expelled from the Examination Hall/Room.
17. Examination centre once opted cannot be changed.

**PLEASE REFER THE BACKSIDE OF THE QUESTION BOOKLET FOR MORE INSTRUCTIONS.**

SEAL

1. हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्यकाल को ____________ काल भी कहते हैं ।

(A) आदि

(B) भक्ति

(C) रीति

(D) आधुनिक

2. ____________ जी 1903 में 'सरस्वती' के संपादक बने और 1920 तक बड़े परिश्रम और लगन से करते रहे ।

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(D) रामनरेश त्रिपाठी

3. स्थिति बोधक, दिशा बोधक और विस्तार बोधक ये तीनों ____________ क्रिया विशेषण के अंतर्गत आते हैं ।

(A) स्थानवाचक

(B) कालवाचक

(C) रीतिवाचक

(D) परिमाणवाचक

4. दो 'शब्दों', 'वाक्यों' या 'वाक्यांशों' को मिलानेवाले अव्यय को 'योजक' या __________ कहलाते हैं ।

(A) क्रिया विशेषण

(B) संवंधबोधक अव्यय

(C) समुच्चयबोधक अव्यय

(D) विस्मयादिबोधक अव्यय

5. 'सितारों के खेल', 'गिरती दीवारें', 'गर्म राख', 'निमिषा' आदि उपन्यासों के उपन्यासकार कौन है ?

(A) यशपाल

(B) मोहन राकेश

(C) फणीश्वरनाथ रेणु

(D) उपेंद्रनाथ अश्क

6. किसे 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', 'कबीर सम्मान' के साथ ही 2005 ई. में समग्र साहित्य के लिए 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से सम्मानित किया गया ?

(A) कुँवर नारायण

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) कृष्ण सोबाती

(D) विनोद कुमार शुक्ल

7. 'मधुशाला', 'मधुबाला' और 'मधु कलश' काव्य संग्रहों के रचनाकार कौन है ?

(A) हरिकृष्ण प्रेमी

(B) हरिवंशराय बच्चन

(C) हृदयनारायण हृदयेश

(D) गोपालसिंह नेपाली

8. डॉ.श्याम सुन्दर दासजी की 'कर्तव्य' और 'सत्यता' निबंध के अनुसार कर्तव्य किस पर निर्भर है ?

(A) शोभा

(B) स्वार्थपरता

(C) आडंबर

(D) न्याय

9. तिलस्मी–ऐयारी उपन्यासों की परंपरा ____________ द्वारा भारतेंदु–युग में आरंभ की गई ।

(A) दुर्गाप्रसाद खत्री

(B) किशोरीलाल गोस्वामी

(C) रामलाल वर्मा

(D) देवकीनंदन खत्री

10. कविवर ____________ का जन्म काशी के एक संपन्न घराने में हुआ था, जो 'सुंघनी साहु' नाम से प्रसिद्ध थे ।

(A) प्रेमचंद

(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) जयशंकर प्रसाद

11. जहाँ कारण होगा तो कार्य होगा, अर्थात् जहाँ एक कार्य का होना दूसरे कार्य के होने पर निर्भर हो तो वह ____________ भविष्यत् काल होता है ।

(A) सामान्य

(B) संभाव्य

(C) हेतु–हेतु मद

(D) अपूर्ण

12. अभी, अब, परसों, जब, कब, कभी–कभी आदि शब्द किस क्रिया विशेषण के अंतर्गत आते हैं ?

(A) स्थानवाचक

(B) कालवाचक

(C) रीतिवाचक

(D) परिमाणवाचक

13. किसे 'अभिनव जयदेव', 'मैथिल कोकिल', 'नवकविशेखर' आदि उपाधियों से विभूपित किया ?

(A) विध्यापति

(B) परमानंद दास

(C) तुलसीदास

(D) सूरदास

14. 'प्रेमवाटिका' के रचनाकार कौन थे ?

(A) बिहारी

(B) रसखान

(C) माधवदास

(D) भगवानदास

15. 'सदैव', 'तथैव', 'जलौघ', 'वनौषधि' आदि शब्द किस संधि के अंतर्गत आते हैं ?

(A) विसर्ग (B) गुण

(C) यण (D) वृद्धि

16. त्रिफला, दौरहा, चौपाई आदि शब्द किस समास के अंतर्गत आते हैं ?

(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व

(C) द्विगु (D) बहुव्रीही

17. डॉ. श्यामसुंदर दासजी की 'कर्तव्य और सत्यता' निबंध के अनुसार किनसे सभी घृणा करते हैं ?

(A) झूठे (B) कष्ट

(C) परिश्रम (D) सच्चाई

18. 'गंगा मैया से साक्षात्कार' निबंध में गंगा मैया ने किसे सर्व शक्तिमान कहा है ?

(A) संसार (B) महँगाई

(C) कुर्सि (D) प्रकृति

19. समास तोड़ने को _________ कहा जाता है ।

(A) विग्रह (B) विच्छेद

(C) विकार (D) मेल

20. _________ भाषा के सार्थक लघुतम खण्ड है जो शब्द के आरंभ में लगकर नये-नये शब्दों के निर्माण करते हैं ।

(A) प्रत्यय (B) वाच्य

(C) उपसर्ग (D) समस्तपद

21. ___________ नाथ साहित्य के आरंभकर्ता माने जाते हैं ।

(A) गोरखनाथ

(B) मत्येंद्रनाथ

(C) चुणकरनाथ

(D) चौरंगीनाथ

22. 'पद्मावत' महाकाव्य के रचनाकार _______ थे ।

(A) नारायणदास

(B) चंदबरदाई

(C) ईश्वरदास

(D) मलिक मुहम्मद जायसी

23. जो धातुएँ किसी ध्वनि के अनुकरणात्मक पर बनायी जाती है उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) अनुकरणात्मक धातु

(B) सम्मिश्र धातु

(C) प्रेरणार्थक धातु

(D) सामान्य धातु

24. ___________ वाच्य में भाव की ही प्रधानता होती है, कर्त्ता या कर्म की नहीं; और यह अकर्मक धातुओं में ही होता है ।

(A) कर्म

(B) कर्त्ता

(C) भाव

(D) इनमें से कोई नहीं

25. नीरजा, सांध्यगीत, यामा, नीहार, रश्मि आदि की रचयिता ___________ है ।

(A) सरोजिनी नायडू

(B) भगवतीचरण वर्मा

(C) सुभद्रा कुमारी चौहाण

(D) महादेवी वर्मा

26. निर्मला, गोदान, कर्मभूमि आदि उपन्यासों के रचनाकार ___________ है ।

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) प्रेमचन्द

(C) यशपाल

(D) भगवतीचरण वर्मा

27. हिन्दी साहित्य में किसे राष्ट्रकवि की उपाधि प्राप्त हुई है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) श्रीधर पाठक

(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(D) हरिवंशराय बच्चन

28. 'चारुमित्रा', 'ऋतुराज', 'रेशमी टाई', 'पृथ्वीराज की आँखे' आदि एकांकी संग्रहों के रचनाकार कौन है ?

(A) उपेंद्रनाथ अश्क

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) मोहन राकेश

(D) रामकुमार वर्मा

29. 'साँच को आँच नहीं', लोकोक्ति का सही अर्थ को चुनकर लिखिए ।

(A) सच्चे मनुष्य को भय नहीं होता

(B) बिना हानि के काम हो जाना

(C) प्रत्यक्ष को प्रमाण आवश्यक नहीं

(D) अच्छी वस्तु में और गुण होना

30. 'बिना सेवा मेवा नहीं', लोकोक्ति का सही अर्थ को चुनकर लिखिए ।

(A) परतंत्र में दुख ही दुख है

(B) परिश्रम से ही अच्छा फल मिलता है

(C) खालि बैठने से कुछ करना ही अच्छा है

(D) अचानक कोई लाभ होना

31. 'एक कहानी यह भी', ________ की आत्मकथा है ।

(A) ममता कलिया

(B) महादेवी वर्मा

(C) मन्नु भंडारी

(D) हरिशंकर परसाई

32. 'एक कहानी यह भी', के अनुसार शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धी क्या है ?

(A) 26 जनवरी 1950

(B) 15 अगस्त 1947

(C) 2 अकटूबर 1869

(D) 25 जून 1975

33. 'पल्लव' एक संज्ञा शब्द है, ________ उसका विशेषण रूप है ।

(A) पल्लवी

(B) पल्लवन

(C) पल्लवित

(D) पलायन

34. 'देखना' क्रिया पद है, ________ उसका विशेषण रूप है ।

(A) दिखाना

(B) दिखावटी

(C) दिखलाना

(D) दिखावटि

35. 'मन की मन में रह जाना', मुहावरे का सही अर्थ का चयन कीजिए ।

(A) खाली रहकर समय बिताना

(B) आशाएँ पूर्ण न होना

(C) ललचाना

(D) करारी चोट देना

36. 'लेने के देने पड़ना', मुहावरे का सही अर्थ का चयन कीजिए ।

(A) लाभ के बदले हानि होना

(B) क्रोध करना

(C) प्रभाव स्वीकार करना

(D) खुशी में बाधा पड़ना

37. 'कंकाल' और 'तितली' उपन्यास के रचनाकार कौन है ?

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) भगवती प्रसाद वाजपेयी

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) सियारामशरण गुप्त

38. साहित्यकार 'पांडेय बेचन शर्मा' 'उग्र' और 'कृष्णदेव प्रसाद गौड' या 'बेढब बनारसी' ये दोनों छायावादी युग के किस विधा के प्रमुख साहित्यकार थे ?

(A) व्यंग्य (B) प्रेम

(C) प्रौढ़ (D) वेदना

39. मैथिलीशरण गुप्तजी की 'दोनों ओर प्रेम पलता है', कविता में पतंग किससे प्रेम करता है ?

(A) दीपक

(B) दुनिया

(C) फूल

(D) पेड़

40. मैथिलीशरण गुप्त जी की 'दोनों ओर प्रेम पलता है', कविता के अनुसार पतंग दीपक को महान् और अपने आपको ____________ कहता है ।

(A) बदनसीब

(B) काली

(C) लाली

(D) लघु

41. 'चीफ की दावत' कहानी के रचनाकार कौन है ?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) डॉ. बरसाने लाल चतुर्वेदी

(C) डॉ. श्याम सुन्दर दास

(D) डॉ. भीष्म साहनी

42. 'भोलाराम का जीव', हरिशंकर परसाई जी द्वारा रचित एक ____________ रचना है ।

(A) आत्मकथा

(B) व्यंग्यात्मक मार्मिक

(C) रेखाचित्र

(D) संस्मरण

43. ____________ सर्वनाम वे हैं जो किसी उपवाक्य में प्रयुक्त संज्ञा या सर्वनाम से अन्य सर्वनाम के साथ संबंध प्रकट करते हैं ।

(A) अनिश्चयवाचक

(B) निजवाचक

(C) निश्चयवाचक

(D) संबंधवाचक

44. जो सर्वनाम अपने सार्वनामिक रूप में ही संज्ञा के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं, ____________ विशेषण कहते हैं ।

(A) गुणवाचक

(B) सार्वनामिक

(C) संख्यावाचक

(D) परिमाणवाचक

45. निबंध कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) पाँच

(B) तीन

(C) दो

(D) चार

46. वाक्य पढ़ते समय जिस स्थान पर बहुत कम देर रुकना होता है वह __________ विराम चिन्ह का प्रयोग होता है ।

(A) अल्प

(B) पूर्ण

(C) उप

(D) अर्ध

47. प्रेमचंदजी ने लगभग ____________ कहानियों की रचना की ।

(A) 100

(B) 300

(C) 200

(D) 500

48. किसका वास्तविक नाम 'वैध्यनाथ मिश्र' था ?

(A) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(B) रांगेय राघव

(C) केदारनाथ अग्रवाल

(D) नागार्जुन

49. 'सुजान भगत' कहानी में सुजान की गोद में सिर रखे किन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था ?

(A) बुलाकी को

(B) बैलों को

(C) भोला को

(D) शंकर को

50. 'गबन' उपन्यास में मानकी किस हार के न आने के बारे में कहती है ?

(A) कनकहार

(B) चंद्रहार

(C) हीरे का हार

(D) नीलम का हार

51. रैदासजी के निम्नलिखित पद के अनुसार अंग-अंग में किसकी सुगंध समा गई है ?

प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी ।

(A) ज्योति (B) श्रम

(C) चंदन (D) सोना

52. 'सूरसागर', 'सूरसारावली', 'साहित्य लहरी' ___________ की प्रसिद्ध रचनाएँ है ।

(A) सूरदास (B) रैदास

(C) तुलसीदास (D) कबीरदास

53. 'अधिकार' कविता में कवयित्री को किसकी चाह नहीं है ?

(A) मिटने का अधिकार

(B) अमरों के लोक

(C) करुणा का उपहार

(D) अनंत ऋतुराज

54. 'साकेत' महाकाव्य के रचनाकार कौन है ?

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय

(B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) मैथिलीशरण गुप्त

55. मौखिक भाषा की आधारभूत इकाई ___________ है ।

(A) ध्वनि

(B) लिपि

(C) रूप

(D) प्रदान

56. हिन्दी और संस्कृत भाषाएँ किस लिपि के अंतर्गत आते हैं ?

(A) गुरुमुखी

(B) फारसी

(C) देवनागरी

(D) रोमन

57. जिसे कुछ दिया जाये या जिसके लिए कुछ किया जाये, उसका बोध कराने वाले संज्ञा रूप को ___________ कारक कहते हैं ।

(A) कर्म

(B) करण

(C) संप्रदान

(D) अपादान

58. "सिंह वन में रहता है" और "घर के भीतर जाओ ।" ये दोनों वाक्य किस कारक के अंतर्गत आते हैं ?

(A) कर्त्ता

(B) संबंध

(C) अधिकरण

(D) संबोधन

59. 'गबन' उपन्यास का पात्र जालपा की शादी किसके साथ होनेवाली थी ?

(A) दीनानाथ (B) विश्वनाथ

(C) सोमनथ (D) रमानाथ

60. 'पुरस्कार' कहानी के कहानीकार कौन है ?

(A) जैनेंद्र (B) जयशंकर प्रसाद

(C) ज्ञानरंजन (D) उदयप्रकाश

61. 'अधिकार' कविता के अनुसार मेघ में किस चीज की चाह होनी चाहिए ?

(A) घुल जाने

(B) आँसू बहाने

(C) मर मिटने

(D) मुरझाने

62. 'अधिकार' कविता के अनुसार बेसुध पीड़ा कहाँ नहीं सोती है ?

(A) प्राणों की सेज

(B) वेदना लोक

(C) करूणा का उपहार

(D) नीलम से मेघ

63. 'पुरस्कार' कहानी में कौशल के उत्सव में बीज देने का सम्मान ____________ ही को मिला ।

(A) अरूणिमा

(B) शीला

(C) मधुलिका

(D) मधुरिमा

64. 'पुरस्कार' कहानी में मधुलिका ने स्वर्ण मुद्राओं को किस पर न्योछावर करके बिखेर दिया ?

(A) अरुण

(B) महामंत्री

(C) सेनापति

(D) महाराज

65. "रहिमन कठिण चितान ते, चिंता को चित चेत । चिता दहति निर्जीव को, चिंता जीव समेत ।"
रहीमजी के इस दोहे के अनुसार चिता किसे जलाती है ?

(A) कर्म

(B) सजीव

(C) प्रेम

(D) निर्जीव

66. 'कायर मत बन' कविता के जरिये नरेंद्र शर्मा जी क्या न बनने का संदेश देते हैं ?

(A) पाहन

(B) तस्कर

(C) कायर

(D) दुर्बल

67. 'बरवै नायिका भेद', 'मदनाष्टक' और 'श्रृंगार सोरठ' किस रीतिकालीन कवि की रचनाएँ है ?

(A) घनानंद

(B) रहीम

(C) केशव

(D) भूषण

68. रहीम के दोहे के इस पंक्ति को पढ़कर, निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए ।
–"रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल" ।
यहाँ पर रहीम किसे बावरी कहते हैं ?

(A) कान (B) आँख
(C) नाख (D) जीभ

69. ____________ भाषा परिवार विश्व का अत्यंत विशाल भाषा परिवार है ।

(A) भारत–यूरोपीय
(B) द्रविड
(C) चीनी
(D) सूडानी

70. हिन्दी की बोलियों को कितने वर्गों में विभाजित किया जा सकता है ?

(A) तीन (B) पाँच
(C) चार (D) दो

71. 'दो कलाकार' कहानी के रचनाकार कौन है ?

(A) मन्नु भंडारी
(B) ममता कालिया
(C) उषा प्रियंवदा
(D) कृष्ण सोवाती

72. 'दो कलाकार' कहानी में चित्रा अपना बनाया हुआ चित्र किसे दिखाना चाहती थी ?

(A) अरुणा (B) किरण
(C) विनया (D) सीमा

73. 'सूखी डाली' एकांकी के अनुसार दादाजी का छोटा पोता परेश किस पद पर था ?

(A) मनोवैज्ञानिक
(B) सैनिक
(C) व्यापारी
(D) तहसीलदार

74. 'सूखी डाली' एकांकी के प्रमुख पात्र दादाजी के अनुसार उनका परिवार किस पेड़ के समान है ?

(A) आम
(B) वट
(C) बरगद
(D) कटहल

75. दंभ, घमंड, दर्प, अभिमान आदि शब्द किस पर्यायवाची शब्द के अंतर्गत आते हैं ?

(A) अहंकार
(B) अचल
(C) अनुपम
(D) अमृत

76. जो शब्द किसी प्राणी, पदार्थ या समुदाय की पूरी जाति का बोध कराते है, उन्हें ____________ वाचक संज्ञा कहते हैं ।

(A) व्यक्ति
(B) जाति
(C) भाव
(D) समूह

**77.** भाषा का वह स्वरूप जो एक विस्तृत क्षेत्र में बोला जाता है और जिसके सामान्य स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं आता, __________ कहलाता है ।

(A) वर्ण (B) बोली

(C) लिपि (D) उपभाषा

**78.** ब्रज, खडीबोली, हरियाणवी, बुंदेली और कन्नौजी भाषाएँ, __________ हिन्दी के अंतर्गत आते हैं ।

(A) पूर्वी (B) राजस्थानी

(C) पश्चिमी (D) बिहारी

**79.** 'सुजान भगत', कहानी __________ द्वारा रचित ग्राम्य जीवन के परिवेश से संबंधित कहानी है ।

(A) ममता कालिया

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) मन्नु भंडारी

(D) मुंशी प्रेमचंद

**80.** 'दो कलाकार' कहानी के प्रमुख पात्र अरुणा के साथ कितने बच्चे थे, जो चित्रा की प्रदर्शनी देखने आये थे ?

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) पाँच

**81.** 'सूखी डाली' एकांकी के रचनाकार __________ है ।

(A) उपेंद्रनाथ अश्क

(B) हरिशंकर परसाई

(C) बरसाने लाल चतुर्वेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

**82.** 'प्रतिशोध' एकांकी के रचनाकार __________ है ।

(A) भीष्म साहनी

(B) डॉ. रामकुमार वर्मा

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) दुष्यंत कुमार

**83.** भीष्म साहनी जी की __________ उपन्यास को साहित्य अकादमी द्वारा 1974 में पुरस्कृत किया गया ।

(A) बासंती (B) झरोके

(C) तमस (D) कडियाँ

**84.** 'आधुनिक युग की मीरा' __________ को माना जाता है ।

(A) सुभद्रकुमारी चौहान

(B) महादेवी वर्मा

(C) अमृता प्रीतम

(D) ममता कालिया

**85.** डॉ. श्याम सुन्दर दासजी की 'कर्तव्य और सत्यता', के अनुसार हम लोगों का परम धर्म क्या है ?

(A) शक्ति (B) उद्देश्य

(C) कर्तव्य (D) न्याय

**86.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदीजी के 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' निबंध के अनुसार कुछ थोड़े लाख वर्ष पूर्व–मनुष्य अपने बच्चों को __________नष्ट करने पर डाँटता रहा होगा ।

(A) नाखून (B) बाल

(C) कपडे (D) जूते

87. जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वरों से अधिक समय लगता है, उन्हें ____________ कहते हैं ।

(A) ह्रस्व स्वर

(B) दीर्घ स्वर

(C) निरनुनासिक स्वर

(D) अनुनासिक स्वर

88. ____________ वे शब्द हैं जो अंग्रेजी, अरबी, फारसी, तुर्की, पुर्तगाली आदि विदेशी भाषाओं से हिन्दी में आ गए हैं ।

(A) विदेशी

(B) देशज

(C) तत्सम

(D) तद्भव

89. एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय ।
रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय ।।
इस दोहे के अनुसार रहीम कहाँ सींचने को कहते है ?

(A) मूल में

(B) फूल में

(C) फल में

(D) टहनी में

90. 'अब्दुर्रहीम खान खाना' मुगल सम्राट ____________ के मंत्री और सेनापति थे ।

(A) बाबर

(B) हुमायूँ

(C) अकबर

(D) शाहजहाँ

91. 'प्रतिशोध' एकांकी के अनुसार संस्कृत के महाकवि कौन है ?

(A) भारती

(B) श्रीधर

(C) आभा

(D) भारवि

92. 'प्रतिशोध' एकांकी के अनुसार भारवी की माँ का नाम क्या है ?

(A) भारती

(B) मनीषा

(C) सुशीला

(D) गीता

93. कबीरदास की रचनाएँ तीन भागों में विभक्त हैं – साखी, सबद और रमैनी जो '________' नामक ग्रंथ में संकलित हैं ।

(A) गीतावलि (B) दोहावलि

(C) कवितावलि (D) बीजक

94. "निन्दक नियरे राखिये, आँगन कुटी छबाय ।
बिन पानी, साबुन बिना निर्मल करै सुभाय ।।"
दोहे के अनुसार किसे अपने पास रखना चाहिए ?

(A) साबुन

(B) पानी

(C) निंदक

(D) स्वभाव

95. 'सुजान भगत' कहानी में सीधे-सादे किसान धन आते ही _____ और _____ की ओर झुकते हैं ।

(A) दूध, घी

(B) धर्म, कीर्ति

(C) भूनी, भाँग

(D) लेन, देन

96. 'निर्मल' का विलोम शब्द ___________ है ।

(A) अपूर्ण

(B) वाचाल

(C) निर्भाव

(D) मलिन

97. किस आलोचक ने आदिकाल में वीर-गाथात्मक रचनाओं की प्रधानता बताते हुए उसे 'वीर गाथा काल' नाम दिया ?

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) डॉ. रामकुमार वर्मा

(D) मिश्र बंधु

98. 'खुमाणरासो', 'बीसलदेवरासो', 'पृथ्वीराजरासो', 'परमालरासो' आदि रचनाएँ ___________ काल से संबंधित है ।

(A) भक्ति

(B) रीति

(C) आदि

(D) आधुनिक

99. "कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूंढे बन मांहि ।
ऐसे घटि-घटि राम है, दुनिया देखै नांहि ।"
इस दोहे के अनुसार कस्तूरी कहाँ बसती है ?

(A) कुंडलि

(B) बन

(C) मिट्टी

(D) दुविधा

100. "काल करै सो आज कर, आज करै सो अब्ब ।
पल में परलै होयगा, बहुरि करैगा कब्ब ।।"
इस दोहे के अनुसार पल में क्या हो सकता है ?

(A) असमंजस

(B) मौत

(C) प्रलय

(D) दुःख